# वीयू–अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को सूकरों का प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की अखिल भारतीय समन्वित सूकर अनुसंधान परियोजना एवं आई.सी.ए.आर.–राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (आई.सी.ए.आर.–एन.आई.एच.एस.एडी.), भोपाल के परियोजना आई.सी.ए.आर.–अखिल भारतीय नेटवर्क कार्यक्रम चुनौतीपूर्ण और उभरते पशु रोगों पर (ए.आई.एन.पी.–सी.ई.डी.ए.) के तहत अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को सूकरों का वितरण दिनांक 29 दिसंबर, 2025 सोमवार को पशुधन फार्म, एन.डी.वी.एस.यू., अधारताल, में सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संकलन एवं संचालन में डीन डॉ आर के शर्मा सर, डॉ. बिस्वजीत रॉय (मुख्य परियोजना अन्वेषक) एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. सुनील नायक का संपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार लाभार्थियों के पंजीयन के बाद आईसीएआर–एनआईएचएसएडी भोपाल से पधारे परियोजना अन्वेषक डॉ. जी. वेंकटेश (प्रधान वैज्ञानिक), डॉ. के. राजू कुमार (प्रधान वैज्ञानिक) जी ने सूकरों का रक्त का सैंपल भी लिया एवं लाभार्थियों को उचित सुकर पालन के निर्देश भी दिये। कार्यक्रम मैं डॉ. रॉय एवं डॉ. आर.के. शर्मा ने सुकर पालन सम्बन्धित जानकारी एवं विश्वविद्यालय के गतिविधियों के जानकारी दी। कार्यक्रम मैं कुल 25 प्रतिभागियों को एक नर एवं एक मादा सूकरों का वितरण कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा सर द्वारा किया गया। एवं उन्हे उद्यमिता विकास कर आजीविका के साधन सयोंजन पर जोर दिय। कार्यक्रम मैं डॉ. एस.एस. तोमर (कुलसचिव), डॉ. जी.पी. लखानी (निदेशक फार्म), डॉ. मोहन सिंह ठाकुर (निदेशक बायोटेक सेंटर), श्री रामकिंकर मिश्रा (असिस्टेंट रजिस्ट्रार) की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम के संचालन मैं सदस्य डॉ. रूचि सिंह, डॉ. अनिल शिंदे, डॉ. भावना अहीरवाल, एवं प्रोजेक्ट मे युवा प्रोफेशनल आशीष यादव का पूरा सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर